एक नजर में

क्रिकेटर युजवेंद्र ने किए महाकाल के दर्शन

दर्शन करते क्रिकेटर युजवेंद्र चहल।

उज्जैन : ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में शुक्रवार को क्रिकेटर युजवेंद्र चहल ने भगवान महाकाल की भस्म आरती के दर्शन किए। उन्होंने नंदी मंडपम से भगवान को शीश नवाया। मंदिर समिति की ओर से उनका स्वागत किया गया।

सात वर्षीय बालक की मौत, झोलाछाप की क्लीनिक सील

टांडा (धार) : यहां सात वर्षीय बालक की मौत के बाद झोलाछाप के इलाज को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्वजन ने झोलाछाप पर उपचार में लापरवाही के आरोप लगाए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने संबंधित क्लीनिक को सील कर जांच शुरू कर दी है। माध मेहड़ा की सोमवार सुबह तबीयत बिगड़ने पर स्वजन टांडा मेन रोड स्थित निजी क्लीनिक पर पहुंचे। स्वजन का आरोप है कि वहां जांच के बाद बच्चे को ग्लूकोज की बोतल चढ़ाई गई। इसके कुछ समय बाद उसके शरीर में सूजन आने लगी।

तेंदूपत्ता की राशि नहीं देने पर मां को पीटकर मार डाला

उदयनगर (देवास) : नरसिंहपुरा गांव में तेंदूपत्ता संग्रहण की राशि को लेकर हुए विवाद में बेटे सुनील ने मां 50 वर्षीय सावित्रीबाई के साथ इतनी बेरहमी से मारपीट की कि उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला ने खाते में आई राशि बेटे को देने से इन्कार कर दिया था, जिससे नाराज होकर उसने पिटाई की। आरोपित को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की है।

नाती की गोद भराई में जा रहे दो भाइयों की मौत

उज्जैन: मक्सी रोड पर ग्राम मुंडला के समीप गुरुवार को ट्रैक्टर और बाइक में टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो भाइयों की मौत हो गई, जबकि पोता गंभीर रूप से घायल है।

शाहपुर और बोदराली में 17.5 हेक्टेयर वनक्षेत्र अतिक्रमण से मुक्त

बुरहानपुर : शाहपुर और बोदराली में शुक्रवार को 17.5 हेक्टेयर वनक्षेत्र से अतिक्रमण से हटाया गया। अतिक्रमणकारी यहां टापरे बना रहे थे। परिक्षेत्र शाहपुर के अंतर्गत बीट जम्बूपनी के कक्ष क्रमांक 423 में 15 हेक्टेयर और बोदरालीके अंतर्गत बीट भिनगारा के कक्ष 394 में 2.5 हेक्टेयर वन भूमि से बुलडोजर से अतिक्रमण हटाया गया। कार्रवाई उप वन मंडल अधिकारी अजय सागर के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र अधिकारी शाहपुर श्यामलता मरावी और परिक्षेत्र अधिकारी बोदराली लखनलाल वास्कले और स्टाफ ने की। ● सौजन्य वन विभाग

रतलाम : चलती बाइक से सराफा व्यापारी के घर पर दागी गोली

नईदुनिया प्रतिनिधि, रतलाम : दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र के सैफी नगर में शुक्रवार दोपहर सराफा व्यापारी कमल सोनी के मकान पर अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग कर दी। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन गोली घर के कांच की खिड़की तोड़ते हुए दीवार से टकराकर दरवाजे के पास पड़े पैरदान पर जा गिरी। वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया।

घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में दो बाइक पर सवार चार बदमाश मुंह पर कपड़ा बांधे हुए दिखाई दे रहे हैं। आगे चल रही बाइक के पीछे बैठे सफेद टी-शर्ट पहने आरोपित ने पिस्टल निकालकर चलती बाइक से मकान की ओर निशाना साधते हुए फायर किया। फरियादी कमल सोनी ने पुलिस को बताया कि उनकी केके मार्केट स्थित ज्वेलर्स की दुकान है। घटना के समय वे और उनका सबसे छोटा बेटा दिव्यांशु बाजार में थे, जबकि घर पर पत्नी मनीषा सोनी, बड़ा बेटा अमित

सीसीटीवी में कैद हुए बदमाश।

और मझला बेटा अश्विन मौजूद थे। मनीषा सोनी हाल में सोफे पर लेटी हुई थीं तथा दोनों बेटे ऊपर कमरे में थे। इसी दौरान फायरिंग की आवाज सुनकर परिवार घबरा गया। गोली कांच तोड़ते हुए घर के अंदर पहुंची। इसके बाद परिवार ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस अधिकारी तथा साइबर टीम पहुंची। पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद परिवार ने सुरक्षा की मांग भी की है।

कमल सोनी ने बताया कि एक दिन पहले उन्होंने सरवन थाने में आदित्य सोमानी के खिलाफ एमसीएक्स कारोबार में धोखाधड़ी और अवैध लालच देने संबंधी प्रकरण दर्ज कराया था। प्रकरण दर्ज कराने के दौरान आदित्य सोमानी के बड़े भाई सौरभ सोमानी ने थाने में उन्हें धमकी दी थी कि भाई को उलझा दिया है, अब सही-सलामत नहीं रहेगा।

यादें सामान नहीं, जीवन की पूंजी : न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा

नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुर : न्यायिक जीवन के एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर जब हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पद से सुप्रीम कोर्ट के लिए विदा हो रहे न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा मंच पर पहुंचे, तो यह केवल एक औपचारिक सम्मान समारोह नहीं था, बल्कि बार और बेंच के बीच बने आत्मीय रिश्तों का भावनात्मक उत्सव बन गया। हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित समारोह में जस्टिस सचदेवा ने कहा कि दो वर्ष पूर्व मैं यहां न्यायाधीश बनकर आया था, लेकिन यहां के लोगों ने मुझे परिवार का सदस्य बना दिया।

न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी जूनी इंदौर क्षेत्र जिला इंदौर (म.प्र.)

क्रमांक: 1023/रीडर-1/2026 **इंदौर, दिनांक**: 15.06.2026

::ईश्तहार::

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक **कावेरी (2 BHK) परिसर रहवासी संघ तर्फे अध्यक्ष श्री पवन पाटीदार मो.: 9009000488 पता: न्यू आर टी ओ रोड, इन्दौर** द्वारा '**कावेरी (2 BHK) परिसर रहवासी संघ**' के नाम से समिति/ सोसायटी/ संस्था पंजीकृत करने के लिये मध्य प्रदेश प्रकोष्ठ स्वामित्व अधिनियम 2000 की धारा 18 के अधीन आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएवं सूचित किया जाता है कि उक्त समिति/ सोसायटी/ संस्था के पंजीयन के संबंध में यदि कोई आपत्ति हो तो न्यायालय जूनी, इंदौर कक्ष क्रमांक 204 में आगामी तिथी दिनांक 25/06/2026 को दोपहर 02:00 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर लिखित में प्रस्तुत करें। समयावधि बाद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/06/2026 को पदमुद्रा से जारी।

समिति/सोसायटी/ संस्था के बोर्ड पर चस्पा की जावे।

अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं सक्षम प्राधिकारी
जूनी इन्दौर क्षेत्र, जिला इन्दौर

उज्जैन में कल कुछ पल के लिए गायब हो जाएगी परछाई

नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन : उज्जैन शहर में 21 जून को अनोखी खगोलीय घटना होने जा रही है। इस दिन कुछ पल के लिए परछाई गायब हो जाएगी।

विदित है कि हमारी पृथ्वी सूर्य के चक्कर लगाती है, जिसकी वजह से हमें ऐसा लगता है जैसे सूर्य कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच घूम रहा है। इस बार 21 जून को सूर्य घूमते हुए उत्तरी गोलार्द्ध में ठीक कर्क रेखा के ऊपर आ जाएगा। चूंकि उज्जैन शहर कर्क रेखा के बेहद पास बसा हुआ है, इसलिए यहां इसका सीधा असर देखने को मिलेगा। 21 जून को जब घड़ी में दोपहर के 12 बजकर 28 मिनट (भारतीय मानक समय) होंगे, तब सूर्य ठीक हमारे सिर के ऊपर यानी लंबवत् होगा।

इस वजह से कुछ समय के लिए किसी भी चीज की परछाई बनना बंद हो जाएगी। विज्ञान की भाषा में इस दिन को 'शून्य छाया दिवस' या 'जीरो शैडो डे' कहा जाता है।

ज्योतिष और सायन गणना के मुताबिक, इसी दिन सूर्य कर्क राशि में भी कदम रखेगा।

साल का सबसे बड़ा दिन और सबसे छोटी रात : 21 जून को सूर्य अपने सबसे ऊंचे उत्तरी बिंदु (कर्क रेखा) पर होता है। इस कारण उत्तरी गोलार्द्ध में यह साल का सबसे बड़ा दिन होता है और रात सबसे छोटी हो जाती है। अगर उज्जैन की बात करें, तो इस दिन सुबह 5 बजकर 42 मिनट पर सूर्योदय होगा और शाम को 7 बजकर 16 मिनट पर सूर्यास्त होगा। इसका मतलब यह हुआ कि दिन पूरे 13 घंटे 34 मिनट का रहेगा, जबकि रात सिर्फ 10 घंटे 26 मिनट की होगी।

शुरू हो जाएगा दक्षिणायन का सफर : इस बड़े दिन के बाद से सूर्य की दिशा बदलने लगेगी और वह दक्षिण की तरफ बढ़ता हुआ महसूस होगा, जिसे हम 'दक्षिणायन' की शुरुआत कहते हैं। इसके बाद से दिन धीरे-धीरे छोटे होने लगेंगे और फिर 23 सितंबर को एक ऐसा वक्त आएगा जब दिन और रात दोनों बिल्कुल बराबर यानी 12-12 घंटे के हो जाएंगे।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

क्षेत्रीय दबाव ग्रस्त अस्ति वसूली शाखा :
प्लॉट नं 12,आर.सी., स्कीमं नं 134, मेन रोड़ निपानिया, इन्दौर-452010 (म.प्र.) फोन नं. 0731-2437060,64

आधिपत्य हेतु सूचना पत्र अचल संपत्ति के लिए नियम 8(1)

बैंक ऑफ बड़ौदा के निम्न हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) सपठित नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रवर्तन करके निम्न ऋणगृहिताओं/ जमानतदारों से सूचना प्राप्ति की दिनांक से **60 दिन** की समयावधि में ऋण राशि अदा करने की अपेक्षा की गई थी। चूंकि ऋणगृहिताओं/जमानतदारों ने अदायगी में त्रुटी की है अतः ऋणगृहिताओं/जमानतदारों तथा सर्वसाधारण जनता को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य अधिनियम की धारा 13(4) सपठित नियम 8 के अन्तर्गत प्राप्त कर लिया है। ऋणगृहिताओं/जमानतदारों को विशेषतः तथा समस्त जनता को साधारणतः सतर्क किया जाता है कि इस सम्पत्ति के संबंध में कोई संव्यवहार न करें यदि कोई संव्यवहार किया गया तो वह **बैंक ऑफ बड़ौदा** के ऋणगृहिताओं/जमानतदारों के समक्ष वर्णित राशि एवं ब्याज के चार्ज (प्रभार) के अधीन होगा। अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के अनुसार सुरक्षित संपत्ति को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समय के संबंध में ऋणियों का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

क्रं.	ऋणीयों/ जमानतदारों का नाम	मांग सूचना दिनांक / धारण दिनांक	₹ बकाया राशि	बंधक संपत्ति का विवरण
1.	**मेसर्स सुपर हाइजीन प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और श्री कौशल सेठ पिता श्री बृजकिशोर सेठ, (डायरेक्टर और जमानतदार) और श्रीमती अनुपमा सेठ पति श्री बृजकिशोर सेठ, (डायरेक्टर और जमानतदार) और श्री तोशन सेठ पिता श्री बृजकिशोर सेठ, (डायरेक्टर और जमानतदार)**	11.03.2026 / 17.06.2026	**₹ 1,17,47,496.34** + ब्याज एवं अन्य खर्चे	संपत्ति का समस्त भू भाग व अंश रहवासी मकान प्लॉट नंबर 18 और 19 (भाग), ब्लॉक ई और एफ, गुलमोहर एक्सटेंशन सर्वे नंबर 1310, 1312 और 1315/1, 1325/1 , प्लॉट क्षेत्रफल 3150 वर्ग फीट और बना हुआ क्षेत्रफल 4200 वर्ग फीट, मालिक श्री कौशल सेठ और श्रीमती अनुपमा सेठ, तहसील एवं जिला इन्दौर म.प्र., **ब्लॉक 'एफ' की चतुर्सीमा : उत्तर :** ब्लॉक-जी, **पूर्व :** रोड़, **दक्षिण :** ब्लॉक-इ, **पश्चिम :** ब्लॉक-डी, **ब्लॉक 'इ' की चतुर्सीमा : उत्तर :** ब्लॉक-एफ, **पूर्व :** रोड़, **दक्षिण :** रोड़, **पश्चिम :** ब्लॉक-सी

स्थानः इन्दौर, दिनांक : 17.06.2026 प्राधिकृत अधिकारी, **बैंक ऑफ बड़ौदा**

कार्यालय- सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) मनावर, जिला- धार (म.प्र.)

पत्र कमांक- 1765/री-1/भू-अर्जन/2026, मनावर, दिनांक 09/06/2026

रा०प्र०क०-0079/बी-121/2026-27

:: अधिसूचना ::

प्ररुप- "ख"

(नियम - 5 का उपनियम (2))

अत्तएव, राज्य सरकार को लोकहित में यह आवश्यक प्रतीत होता है कि धार माईको उद्वहन सिंचाई परियोजना के अंतर्गत बिछाई जाने वाली राईजिंगमेन पाईप नहर कमाक- 02 A की ब्रांच माईनर पाईप नहर कमांक 02 व 09 तथा राईजिंगमेन पाईप नहर कमाक 02 B व उसकी ब्रांच माईनर पाईप नहर कमांक 01 व 23 के निर्माण एवं उससे संबंधित अन्य कार्य हेतु ग्राम-बुहारला, प.ह.नं.-81, रा.नि. वृत्त-उमरबन, तहसील मनावर, जिला-धार मध्यप्रदेश राज्य में कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक 30, मनावर, जिला- धार (म.प्र.) द्वारा भूमिगत पाईपलाईन, केबल एवं डक्ट बिछाई जाए ।

और अतएव राज्य सरकार को उक्त भूमिगत पाईपलाईन, केबल एवं डक्ट बिछाने के प्रयोजन के लिए यह आवश्यक प्रतीत होता है कि उस भूमि में, जिसमें भूमिगत पाईपलाईन, केबल एवं डक्ट बिछाये जाने का प्रस्ताव है, जो इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में वर्णित है, उपयोग के अधिकार का अर्जन किया जाए।

अतएव, मध्यप्रदेश भूमिगत पाईपलाईन, केबल एवं डक्ट (भूमि के उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम, 2012 (क्रमांक 5 सन् 2013) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, उसमें उपयोग के अधिकार का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई व्यक्ति जो उक्त अनुसूची में वर्णित भूमि में हितबद्ध है, उस तारीख से जिसको उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होती है इक्कीस दिवस के भीतर, भूमि के नीचे पाईपलाईन, केबल एवं डक्ट बिछाये जाने के संबंध में सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मनावर, जिला धार मध्यप्रदेश को लिखित में आक्षेप भेज सकेगा ।

:: अनुसूची ::

जिला	तहसील	ग्राम / पटवारी हल्का क्रमांक	खसरा क्रमांक	उपयोग के अधिकार के लिये अर्जित की जाने वाली भूमि (हेक्टेयर में)
धार	मनावर	ग्राम - बुहारला, प.ह.नं.-81,	246/2/6	0.001
			247/3/2	0.002
			247/6/1	0.001
			247/5	0.003
			147/3/3	0.003
			247/2	0.001
			184/1/2/3	0.001
			184/1/2/2	0.001
			184/1/2/1	0.001
			184/2/5	0.006
			185/1/2/2	0.007
			185/1/1	0.006
			186/2	0.005
			149/2/1/2/2	0.008
			149/2/1/2/3	0.002
			149/2/1/2/1	0.001
			138/8	0.007
			138/7	0.003
			146/16	0.004
			139/6	0.001
			146/17	0.004
			139/7	0.004
			146/18	0.003
			146/13	0.003
			120/5	0.001
			120/4	0.006
			121/2	0.001
			118/2/2	0.002
				0.008
			119/4	0.002
			117/2	0.001
			109/2	0.003
			117/6	0.003
			117/3	0.002
			213/3/2	0.013
			214/3	0.009
			214/2	0.011
			213/4/2/2	0.014
			213/4/3	0.035
			213/2/1	0.004
			213/2/3	0.004
			210/9	0.005
			210/8	0.014
			210/6	0.010
			210/7/2	0.005
			210/5/1	0.004
			210/4/1	0.002
			210/7/1	0.005
			210/5/2	0.003
			210/4/2	0.015
			204/1/2	0.020
			204/1/1	0.011
			205	0.004
			206/2	0.012
			206/1	0.016
			208/2	0.017
			5/2	0.004
			4/1/2/2	0.021
			4/1/2/1	0.003
			4/2	0.014
			3/6/3/1	0.012
				0.012
			3/4/2/3	0.001
				0.001
			3/4/2/2	0.007
				0.002
			3/6/2	0.011
				0.001
			3/6/1	0.012
			3/4/2/4	0.003
कुल योग निजी भूमि			**65**	**0.444**

(प्रमोद सिंह गुर्जर)
सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मनावर, जिला- धार (म०प्र०)

जी-14601/26 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र उज्जैन

दूरभाष न. :- 0734-2524462, ई-मेल cepwdujjain@mp.nic.in

निविदा सूचना क्र. 04 / सामान्य / मु.अ./2026-27/ उज्जैन दिनांक 18.05.2026

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रतिशत दर के आधार पर निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	जिला	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	कार्य का नाम	ठेके की अनु. राशि (रू. लाख में)	कार्य की समयावधि
1	शाजापुर	2026_PWDRB_516305_pack1	पी.बी.एम.सी. योजना अंतर्गत शाजापुर संभाग के सुनेरा खोरिया एमा मनकामनेश्वर बडोदिया मार्ग लम्बाई 21.00 कि.मी.। (द्वितीय आमंत्रण)	733.43	60 माह वर्षाकाल सहित
2	शाजापुर	2026_PWDRB_516307_pack1	बादशाह पुल-गिरवर तालाब ब्रिज रोड किमी 1/2, करजू भवरसा रोड किमी 4/8, बर्डियासोन रेलवे गेट से पलसावाड हनोती झोकर जालापुरा ए.बी. का निर्माण। सड़क किमी 5/10, चोमा बिजाना रोड किमी 7/4, बेरचा सुंदरसी रोड किमी 6/10, पोलाय रनायल वाया नयापुरा रोड किमी 23/6 और 1/8 निर्माण कार्य।	793.44	12 माह वर्षाकाल सहित
3	शाजापुर	2026_PWDRB_516309_pack1	तिलावद गोविंद पहुंच मार्ग के कि.मी 1/4 एवं 1/8, कालापीपल-कुरावर मार्ग के कि. मी 14/10, 14/4, अकोदिया सुन्दरसी मार्ग के कि.मी 2/4, 3/10, 22/6, 23/6, पोलायकला-रनायल के कि.मी 21/8, 25/4, आगर-सारंगुर मार्ग से मण्डोदा करजू मार्ग के कि.मी एवं 3/10 जादमी-सारली मार्ग के कि.मी 13/6 में पुलो का निर्माण कार्य।	898.71	12 माह वर्षाकाल सहित
4	शाजापुर	2026_PWDRB_516310_pack1	भुरिया-खजुरिया-फरड-बरेछा 12.दातर मार्ग लम्बाई 00 कि.मी मे, मजबूतीकरण कार्य।	1068.91	12 माह वर्षाकाल सहित
5	मंदसौर	2026_PWDRB_516311_pack1	अरनिया बसइ सडक लम्बाई 6.60 कि.मी को मजबूतीकरण का कार्य।	925.70	12 माह वर्षाकाल सहित
6	उज्जैन	2026_PWDRB_516312_pack1	कानाखेडी से डोगला मार्ग पर मजबूतीकरण कार्य लम्बाई 4.50 कि.मी कार्य।	574.75	12 माह वर्षाकाल सहित
7	उज्जैन	2026_PWDRB_516425_pack1	तपोभूमि गंगेड़ी वाया राघोपिपलिया मार्ग।	1047.22	12 माह वर्षाकाल सहित

उपरोक्त वेबसाइट आॅनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एंव ऑनलाईन बिड सबमिशन की अंतिम दिनांक 03.07.2026 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग,
उज्जैन परिक्षेत्र उज्जैन

जी-14607/26 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

साधु की समाधि खोदकर निकाला शव, हत्या का आरोप

नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन: मंगलनाथ मंदिर के सामने कुटिया में रहने वाले साधु के लापता होने पर उसका भाई तलाशते हुए उज्जैन पहुंचा था। भाई को क्षेत्र के लोगों ने बताया कि साधु की मौत हो गई है, उसे समाधि दे दी गई है। चिमनगंज पुलिस ने समाधि खोदकर शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया है। शनिवार को पोस्टमार्टम होगा। पुलिस ने बताया कि गंगेश्वर गिरि उर्फ सुनील जोशी निवासी जावरा ने वर्ष 2010 में नीमच में भास्करानंद महाराज से दीक्षा ले ली थी। इसके बाद सुनील साधु बन गया था। हालांकि इसके बाद भी वह परिवार के लोगों से संपर्क में था। बुधवार को गंगेश्वर गिरि का भाई अनिल जोशी उज्जैन पहुंचा था। उसने चिमनगंज पुलिस को शिकायत की थी कि उसका भाई गंगेश्वर गिरि लापता हो गया है।

अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराया वाहन, बैतूल के लोनिवि एसडीओ की मौत

डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हुआ वाहन। इनसेट में दरियाव सिंह। ● नईदुनिया

नईदुनिया न्यूज, कन्नौद (देवास) : इंदौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर कन्नौद से करीब नौ किमी दूर बोलेरो वाहन शुक्रवार सुबह अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। हादसे में कार चला रहे बैतूल के लोक निर्माण विभाग के एसडीओ 44 वर्षीय दरियाव सिंह निवासी ग्राम दादुर अमझेरा (धार) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें कन्नौद के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी। कन्नौद थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

एसडीओ दरियाव सिंह वाहन (एमपी13-एके 3002) से इंदौर की ओर जा रहे थे। ओवरब्रिज पर अज्ञात कारण के चलते वाहन अनियंत्रित हो जाने से डिवाइडर से टकरा गया। जोरदार टक्कर से वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। परमार को सीने व सिर में गंभीर चोट लगी थी।

जुलाई में गांधीसागर में आएंगे दो चीते

नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौर : गांधीसागर अभयारण्य में प्रभास और पावक को लगभग डेढ़ साल पूरा होने को है। मादा चीता धीरा को भी सितंबर में एक साल हो जाएगा, पर यहां चीतों का कुनबा बढ़ाने के प्रयासों को झटका लग रहा है। धीरा के मेटिंग के सारे प्रयास नाकाम हो गए हैं जबकि वन विभाग के अधिकारी कई बार तीनों को साथ में छोड़ चुके हैं। अब यहां फिर से उम्मीदें जीवंत हुई हैं।

कूनो में रह रहे बोत्सवाना के चीतों में से दो को जुलाई में गांधीसागर अभयारण्य में लाने की सूचना मिल

रही है। इनमें नर-मादा शामिल हैं। मादा चीता के आने से संख्या बढ़ने की उम्मीद है। अफ्रीका महाद्वीप के देश बोत्सवाना से फरवरी में चीतों को लाकर कूनो में रखा गया है, तभी से उनमें से दो-तीन के गांधीसागर अभयारण्य में लाने का इंतजार चल रहा है। गांधीसागर में 20 अप्रैल 2025 को दो नर चीता प्रभास और पावक को छोड़ा गया था। वहीं, 17 सितंबर 2025 को मादा चीता धीरा को छोड़ा गया था।

बाराबंकी से शादी के लिए निकले थे, देवास के पास दुर्घटना ने खत्म कर दी प्रेम कहानी

नईदुनिया प्रतिनिधि, देवास : उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिला स्थित हैदरगढ़ क्षेत्र के युवक-युवती की एक साल पहले इंस्टाग्राम पर शुरू हुई दोस्ती प्यार में बदली। दोनों ने साथ जीने-मरने की कसमें खाईं और घरवालों से छिपकर शादी करने का फैसला किया। इंदौर के मंदिर में शादी करने के लिए दोनों कार से आ रहे थे। देवास में आगरा-मुंबई हाईवे पर टोंकखुर्द के पास उनकी कार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि युवती व कार चालक घायल हैं।

मोहित, मृतक

पुलिस के अनुसार दुर्घटना शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे हुई। दुर्घटना में मोहित नामक युवक की मौत हुई है जबकि कार चालक मान सिंह व युवती घायल हो गई है। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवती के स्वजन ने युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट गुरुवार को हैदरगढ़ पुलिस थाने में दर्ज कराई थी।

Bank of India *रिश्तों की जमापूंजी Relationship beyond banking*

बैंक ऑफ इंडिया, धामनोद शाखा, एबी रोड, मंगल नगर, महेश्वर फाटे के पास, धामनोद, तेहसील धरमपुरी, जिला धार, मध्यप्रदेश, फोन नं. 07762-2727697, E-mail: Dhamnod.indore@bankofindia.co.in

अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

ई-नीलामी विक्रय सूचना प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन, हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाला और जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि निम्न वर्णित सारणी के कॉलम 3 में उल्लिखित अचल संपत्तियाँ जो **प्रतिभूत लेनदार (बैंक ऑफ इंडिया)** के पास गिरवी / प्रभारित है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहां है ,जैसा है और जो कुछ भी है ''** के आधार पर निम्नलिखित तालिका के कॉलम 2 में उल्लिखित ऋणीयों एवं जमानतदारों से बैंक ऑफ इंड़िया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नलिखित तालिका के कॉलम 4 में उल्लिखित राशि की वसूली हेतु **दिनांक 28.07.2026** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं जमा योग्य अग्रिम धनराशि तालिका के कॉलम 6 व 7 में क्रमशः दी गई है।

ई–नीलामी दिनांक - 28.07.2025, समय– प्रातः 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक

शाखा का नाम (1)	ऋणी /जमानतदार का नाम (2)	संपत्तियों का विवरण व स्वामी का नाम (3)	मांग सूचना 13(2) के तहत मांग नोटिस दिनांक व बकाया राशि (4)	आधिपत्य की दिनांक व प्रकार (5)	आरक्षित राशि (रु.) (6)	ईएमडी (7)
धामनोद शाखा	**उधारकर्ताः मेसर्स न्यू तपन कृषि सेवा केंद्र सुंदरेल प्रोप. श्री तपन पिता राधेश्याम पाटीदार**, निवासी बागडीपूरा सुन्द्रेल तह-धरमपुरी, जिला धार, (म.प्र.) **जमानतदारः श्री शैलेंद्र पिता हुकुमचंद जायसवाल**, निवासी सुन्द्रेल, तह-धरमपुरी, जिला धार, (म.प्र.)	बंधक रखी गई सम्पूर्ण भूमि ग्राम बगडीपूरा सुन्द्रेल मे आबादी एरिया मे तवा मय भूमि अवासीय मकान स्ट्रक्चर आदि के साथ होकर जिसका क्षेत्रफल 20 फीट बाय 120 फीट कुल 2400 वर्गफीट है जिस पर कच्चा कवेलुपोश 700 वर्गफीट का मकान निर्मित है, **संपत्ति मालिकः** श्री तपन पिता राधेश्याम पाटीदार, **सीमा/चौहदी : उत्तर मे :** श्री रमेशचन्द्र जगननाथ पाटीदार एवं रमेशचन्द्र रघुनाथ पाटीदार की भूमि है, **दक्षिण मेः** रमेशचन्द्र रघुनाथ पाटीदार का मकान है, **पूर्व मे :** आम रास्ता, **पश्चिम मेः** आम रास्ता, **बैंक नेट प्रॉपर्टी आईडी: BKIDPROP1006**	10.10.2025 **8,59,254.98** + ब्याज एवं अन्य खर्च	02.06.2026 सांकेतिक	₹ 5.95 लाख	₹ 0.6 लाख

क्रेता के द्वारा स्टाम्प शुल्क, बिक्री प्रमाण पत्र शुल्क, पंजीकरण शुल्क, टी.डी.एस. सरकार को देय सभी वैधानिक बकाया, कर और दरों और संपत्तियों से संबंधित कोई अन्य खर्च, मौजूदा और भविष्य, दोनों के लिए देय होगा। बिक्री प्रमाण पत्र केवल सफल बोलीदाता के नाम से ही जारी किया जाएगा।

ई-नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाईट **https://baanknet.com,** बोलीकर्ता **https://baanknet.com**, नियम व शर्तो की अधिक जानकारी हेतु शैक्षणिक वीडियो के साथ देख सकते है। बोलीकर्ता को पूर्व में ही बोली पंजीयन की सभी औपचारिकताएं पूर्ण करना अनिवार्य है।

ए. सफल बोलीकर्ता को घोषणा के तुरंत बाद बिक्री मूल्य का **25%** (पहले से भुगतान की गई ईएमडी घटाकर) जमा करना होगा।

बी. नीलामी- बिक्री की कार्यवाही में बैंकिंग लेनदेन का समय समाप्त होने के पश्चात, खरीद मूल्य का **25%** (पहले से भुगतान की गई ईएमडी घटाकर) अगले कार्य दिवस तक जमा कराना होगा।

सी. बिक्री मूल्य की शेष राशि का भुगतान बिक्री की दिनांक से 15 वें (पं